**TERMS AND CONDITIONS**

**"नियम व शर्तें"**

**SECTION 1:**

1. Each field in this Direct Seller Application (the "**Application**") is mandatory and required to be filled in English by the applicant himself / herself who wishes to be appointed as Independent Direct Seller (also called '**Independent Distributor**') of **Dynamic Beneficial Accord Marketing Private Limited** (hereinafter "**Company**"). There is no sign up fees and signing up as Independent Distributor is free of cost.
2. By filing this Application, the applicant undertakes to be abide by the subsequent terms and conditions read with the policies of the Company and the Consumer Protection (Direct Selling) Rules, 2021 published by the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution ("**MCA**") in Official Gazette dated 28th December, 2021 ("**Rules**") including any further amendments, modification, or enactment, re-enactment of new legislation by Government of India. I shall sign and submit Independent Distributor Contract with the Company alongwith my application.
3. This Application constitutes valid offer within the meaning of Section 10 of the Indian Contract Act, 1872, of the undersigned, addressed to Company to enter into an Independent Distributor Contract with Company under the subsequent Terms and Conditions specified.
4. The Independent Distributor of the Company understands that he/she is not an employee of the Company Dynamic Beneficial Accord Marketing Private Limited, and there is no relationship of employee-employer between the Independent Distributor and the Company. The Independent Distributor of the Company shall be considered as an Independent Business Person starting the business with his / her free will and consent without any pressure, force or persuasion from anyone.

**खंड 1:**

1. इस डायरेक्ट सेलर आवेदन ("**आवेदन**") का प्रत्येक फ़ील्ड अनिवार्य है, और इन्हें उस व्यक्ति द्वारा अंग्रेजी में स्वयं भरना है जो **डायनेमिक बेनिफ़िशियल एकॉर्ड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड** (यहाँ से आगे "**कंपनी**" के रूप में संदर्भित) के स्वतंत्र डायरेक्ट सेलर (इन्हें '**स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर**' भी कहा जायेगा) पंजीकृत होना चाहते हैं। इसके लिए कोई साइन-अप फ़ीस नहीं है और स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में साइन-अप करना पूरी तरह निःशुल्क है।
2. इस आवेदन को भर कर आवेदक कंपनी की नीतियों के साथ पठित अनुवर्ती नियमों और शर्तों के साथ ही उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण ("**एमसीए**") द्वारा दिनांक 28 दिसंबर 2021 को सरकारी राजपत्र में प्रकाशित उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 ("**नियम**") सहित किसी भी भावी संशोधन, परिवर्तन, पुनः अधिनियमन या भारत सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले नए कानून का पालन करने का वचन देता है। मैं कंपनी के साथ स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर कर उसे अपने आवेदन के साथ सबमिट करूंगा/करूंगी।
3. यह आवेदन भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 10 के अर्थों में अधोहस्ताक्षरी के वैध ऑफर प्रदान करता है, जिसे निर्दिष्ट किए गए अनुवर्ती नियमों और शर्तों के तहत कंपनी के साथ एक स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्ट्रैक्ट तैयार करने के लिए कंपनी को संबोधित किया गया है।
4. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर समझता है कि वह कंपनी डायनेमिक बेनिफ़िशियल एकॉर्ड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड का एक कर्मचारी नहीं है, और यहाँ स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर और कंपनी के मध्य कर्मचारी-नियोक्ता का कोई संबंध लागू नहीं होता। कंपनी

के स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर को किसी भी व्यक्ति से दबाव, बल या अनुनय के बिना अपनी इच्छा और सहमति से कारोबार शुरू करने वाले स्वतंत्र कारोबारी व्यक्ति के रूप में माना जाएगा।

**SECTION 2**

1. The Independent Distributor understands that the Company is a direct-selling company dealing in ready-made garments, fashion apparel and accessories. There is no membership fee, joining fee or renewal fee in the Company. The Independent Distributors only pay for products and get a tax-paid invoice against their purchases.
2. The Independent Distributor of the Company is above 18 years of age and has submitted true information and valid documents in support of his / her particulars and that the Independent distributor undertakes full responsibility for the genuinity of Identification Documents being submitted.
3. The Independent Distributor hereby authorize the Company to conduct e-KYC of his / her PAN, AADHAR, VOTER ID and Bank documents as submitted by him with the Company. I also agree and unconditionally authorize the Company to send communication which will override DND registration.
4. The Independent Distributor of the Company certifies that the details filled in the Online Distributorship Application (e-Form) on the Company's website for new Independent Distributors have been filled-in correctly and have been thoroughly verified. Further, he / she takes full responsibility for any errors or omissions in these details. The responsibility for correctness of these details will be both of the existing distributor as well as the prospective distributor.
5. The Independent Distributor of the Company shall be liable to run his/ her business with due sincerity and honesty, fair and in transparent manner in the best interest of both the parties. He/ she shall be further entitled to expand his/her personal business by legal and ethical means only.
6. The Independent Distributor of the Company shall not indulge in any illegal activity which could cause harm/damage/loss to the Company and further shall not sway other Independent Distributors by any means, including by reducing the retail prices of the goods.
7. The Independent Distributor of the Company shall not force any new distributor / prospect to buy the goods from the Company and shall explain to the prospect the business plan of the Company in the fairest and transparent manner. He / she shall also educate each prospects about the Returns and Refund Policy of the Company.
8. The Independent Distributor of the Company shall not claim himself / herself to be the Director / Officer or Franchise Owner of the Company. Neither the Independent Distributor of the Company shall claim that he / she has an agency of the Company and that he / she could make any other person also an agent of the Company.
9. The Independent Distributor of the Company shall not disclose the confidential plans of the Company to any other adversary or competing Company and shall also not participate in any illegal business transactions or activities so as to cause loss to the business or reputation of the Company. The Independent Distributor shall also not exaggerate or manipulate the prices / quality / ranking / perfectness or stock conditions in order to sell the retail goods successfully.
10. The Independent Distributor of the Company shall ensure complete secrecy of his / her Online Control Panel and the data contained there-in; also he / she shall not share personal login / password with any third-party, company or any other un-related individual or party whatsoever.
11. That the Independent Distributor of the Company shall not use the Company's name or the name(s) of any of its brands to advertise through any media (including but not limited to press, television, radio, Internet, etc.), to wrongfully give an impression that the Company provides any kind of regular jobs or accommodation, etc. Further, the Independent Distributor or the Company cannot use the logo, name, address, etc. of the Company or any of its associated brands or branches for any means whatsoever without prior written agreement with the Company.

12. The Independent Distributor of the Company shall not transfer the business supplement to obtain the benefit of retail store and shall also not sell the goods at a price lower than the retail price in any of the retail stores. Further, the Independent Distributor shall not list and sell products of the Company through any online / offline platform such as retain shops or online stores.
13. The Independent Distributor of the Company shall be restrained from relabeling / repackaging the retail goods in a manner similar to that of the Company and shall not infringe the copyright of the Company or its suppliers in whatsoever manner.
14. The Independent Distributor of the Company shall not promote the goods of any other Company doing the business similar to the Company and shall not persuade the customers to purchase products of other such companies and further shall not sponsor them to approach other Direct Selling Companies.
15. The Independent Distributor of the Company shall not damage the reputation of the Company or its Administrators, Staff or Distributors and shall not put his/her signatures (forgery) on any document so as to interfere in the administrative work of the Company.
16. The Company reserves the absolute rights of admission in its premises. While visiting the Company premises, the Independent Distributors and prospective distributors are required to carry appropriate Identification Documents at all times and they may be physically frisked by security guards at any time in the Company premises.
17. The Independent Distributor of the Company understands that all distributors will be treated equally and at par by the company, regardless of their Business Volumes, Ranks, etc. Distributors having higher business volumes cannot seek special privileges or treatment by the company and its staff, etc.
18. The Independent Distributor of the Company shall not claim himself / herself as friend / associate / acquaintance of the Administrators / Directors / Staff of the Company in order to show special privilege and thus claim to affect the business prospects.
19. The Independent Distributors of the Company shall not form unauthorized union and defame the Company or other distributors or sway their distributors or interfere in the working of the system in whatsoever manner. No Independent Distributor shall cause damage to the market reputation of the Company so as to cause business loss of the Company.
20. The Independent Distributor undertakes that he / she will not do business with the company under more than one ASID by falsely giving separate or fake IDs, Address or Age Proofs and / or concealing their identity or by using different names and shall not run two networks simultaneously.
21. The Independent Distributor of the company declares its 'Conflict of Interest', that he / she has no "personal" links, acquaintance or relations of any kind with any of Company's staff members or their families / relations. In case there is an existing relationship or acquaintance, it must be declared prior to starting business with the Company, and the Company management will authorize such distributorship requests in its own discretion. Breach of these terms will automatically terminate the distributorship.
22. The Independent Distributor of the Company shall not restrain any distributor to do business in his/her particular but legal and ethical way and shall also not restrain him / her from leaving the network or encourage him / her to leave the Company.
23. That in case of termination of his / her distributorship as per the provisions of Independent Distributor Contract, the Independent Distributor of the Company shall be entitled to receive his/her bonus in the following month when his/her distributorship ceases. He/she shall not be entitled to receive premiums, bonuses, royalty or commissions of any levels generated thereafter, but shall be given the proportional profit acquired prior to the termination of Distributorship. Any future bonus / profits / royalty / commissions shall be deemed to be cancelled. Further, in case the termination of a particular Independent Distributor of the Company negatively affects the commission levels, profits, royalty, etc. of other existing distributors, then any pre-paid additional amount shall be recovered from the said Independent Distributor(s) as per the business plan, rules and regulations of the Company.
24. The Company shall be entitled to cancel / terminate the distributorship of any Independent Distributor in case it is proven that he/she has failed to comply with the terms and conditions as set out herein or if there is any case against the said Distributor of the Company in any Court of Law which may prevent him / her to continue with the business or which may harm the Company's reputation or good-will. The final decision in

this regard shall solely be vested with the Company's Administration / Management. The Company may disable the distributorship of the Independent Distributor at its sole discretion if the Independent Distributor fails to comply with the terms and conditions mentioned here or in the Independent Distributor Contract and in such circumstances also, no distributor benefits, commissions, royalty, etc. shall be provided to the such distributor.

25. The Independent Distributor of the Company will make the purchases from the money belonging to him / her and not by availing any kind of loan from any person, Bank or financial institution. Further, he / she will not force or persuade any other new entrant / existing distributor to take loan from any person / Bank / Financial Institution or assure them that loan can be arranged for them at low interest rates. The Independent Distributors shall make it sure that the prospective distributors have the permission of their parents / guardians / family before making any purchases with the Company.
26. There shall be no cash dealings with any third party for and on behalf of the Company on any account whatsoever. Any products being sold by the Independent Distributor to the customer must be accompanied with proper invoice.
27. Unless agreed otherwise in writing, the business and associated benefits are non-transferrable to any third person. Effective from February 01, 2019, Business License ("ASID") of Independent Distributors can be transferred only to their nominee registered by them with the Company, subject to the terms and condition of **'Independent Business Owner's License Transfer Policy'** of the Company as amended from time to time.

**खंड 2**

1. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर समझता है कि कंपनी एक डायरेक्ट-सेलिंग कंपनी है जो रेडीमेड कपड़ों, फैशन परिधानों एवं एक्सेसरीज़ के क्षेत्र में कारोबार करती है। कंपनी में सदस्यता के लिए, शामिल होने के लिए या रिन्यूअल के लिए कोई फीस नहीं है। स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर केवल उत्पाद के लिए भुगतान करते हैं, और अपनी खरीद के निमित्त टैक्स-पेड इनवॉइस प्राप्त करते हैं।
2. कंपनी के स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर की उम्र 18 वर्ष से अधिक है और उसने अपने ब्यौरों के समर्थन में सही जानकारी एवं वैध दस्तावेज़ प्रदान किए हैं, और यह कि स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी पहचान दस्तावेज़ों की प्रामाणिकता की पूरी ज़िम्मेदारी उठाने के लिए सहमत है।
3. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर एतद्द्वारा कंपनी को प्रस्तुत किए गए अपने पैन, आधार, मतदाता पहचान पत्र एवं बैंक दस्तावेज़ों की ई-केवाईसी करने के लिए उसे प्राधिकृत करता है। मैं कंपनी को बिना किसी शर्त एवं मेरे डीएनडी में रजिस्ट्रेशन के पश्चात भी, संचार/सूचनायें भेजने के लिए प्राधिकृत करता हूँ/करती हूँ।
4. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर यह प्रमाणित करता है कि नए स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन डिस्ट्रीब्यूटरशिप आवेदन (ई-फ़ॉर्म) में भरे गए विवरण सही तरीके से भरे गए हैं और उन्हें पूरी तरह से सत्यापित किया गया है। इसके अलावा, वह इन विवरणों में किसी भी तरह की त्रुटि या चूक के लिए पूरी ज़िम्मेदारी लेता है। इन विवरणों की सत्यता की ज़िम्मेदारी मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटर के साथ, भावी डिस्ट्रीब्यूटर की भी होगी।
5. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर दोनों पक्षों के सर्वोत्तम हित में पूरी गंभीरता एवं ईमानदारी के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से अपने व्यवसाय को संचालित करेगा। वह केवल कानूनी एवं नैतिक माध्यमों से ही अपने व्यक्तिगत व्यवसाय का विस्तार करेगा।

6. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर ऐसी किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जिससे कंपनी को क्षति/नुकसान/हानि पहुँचे, न ही वह अन्य स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटरों पर उत्पादों की खुदरा कीमतें कम करने सहित किसी भी अन्य माध्यम से उन पर दबाव बनाएगा।
7. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी नए/भावी डिस्ट्रीब्यूटर पर कंपनी से माल खरीदने के लिए दबाव नहीं डालेगा, और वह सर्वथा उचित एवं पारदर्शी तरीके से कंपनी की व्यवसाय योजना के बारे में भावी डिस्ट्रीब्यूटरों को अवगत कराएगा। वह प्रत्येक भावी डिस्ट्रीब्यूटर को कंपनी की रिटर्न और रिफ़ंड नीति के बारे में भी शिक्षित करेगा।
8. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर अपने आपको कंपनी का निदेशक / अधिकारी या फ्रैंचाइजी मालिक होने का दावा नहीं करेगा। कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर न तो यह दावा करेगा कि उसके पास कंपनी की एजेंसी है, और न ही यह दावा करेगा कि वह किसी अन्य व्यक्ति को कंपनी का एजेंट बना सकता है।
9. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी अन्य प्रतिद्वंद्वी या प्रतिस्पर्धी कंपनी के समक्ष कंपनी की गोपनीय योजनाओं का खुलासा नहीं करेगा, और न ही वह कंपनी के कारोबार या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी गैर-कानूनी व्यावसायिक लेनदेन या गतिविधि में शामिल होगा। स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर खुदरा माल को सफलतापूर्वक बेचने के लिए उसकी कीमतों/ गुणवत्ता/ रैंकिंग/ उपयुक्तता या स्टॉक स्थितियों के बारे में बढ़ा-चढ़ा कर नहीं बताएगा या उनमें हेर-फेर नहीं करेगा।
10. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर अपने ऑनलाइन कंट्रोल पैनल और उसमें निहित डेटा की पूर्ण गोपनियता सुनिश्चित करेगा; और वह किसी भी वजह से किसी भी तीसरे पक्ष, कंपनी या किसी अन्य असंबंधित व्यक्ति या पक्ष के साथ निजी लॉगिन / पासवर्ड साझा नहीं करेगा।
11. यह कि कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी मीडिया (इसमें प्रेस, टेलीविज़न, रेडियो, इंटरनेट, आदि शामिल हैं किंतु इन तक सीमित नहीं) के माध्यम से विज्ञापन करने के लिए कंपनी के नाम या इसके किसी भी ब्रांड के नाम का उपयोग नहीं करेगा, जिनसे यह गलत छवि बनती हो कि कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की नियमित नौकरी या आवास व्यवस्था, आदि प्रदान की जाती है। इसके अलावा, कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी माध्यम या तरीके से कंपनी के साथ पूर्व लिखित अनुबंध के बिना कंपनी या इसके किसी भी सहयोगी ब्रांड या शाखा के लोगो, नाम, पता, आदि का उपयोग नहीं करेगा।
12. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर रिटेल स्टोर के लाभ प्राप्त करने के लिए बिजनेस सप्लिमेंट को ट्रांसफ़र नहीं करेगा, और न ही किसी भी रिटेल स्टोर में खुदरा मूल्य से कम कीमत पर वस्तुओं को बेचेगा। इसके अलावा, स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी ऑनलाइन/ऑफ़लाइन प्लेटफ़ॉर्म जैसे कि रिटेल शॉप या ऑनलाइन स्टोर पर न तो कंपनी के उत्पाद सूचीबद्ध करेगा और न ही इनके माध्यम से बेचेगा।
13. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी या कंपनी के जैसे ही खुदरा वस्तुओं की री-लेबलिंग/री-पैकेजिंग करने के लिए प्रतिबंधित होगा, और वह किसी भी तरीके से कंपनी या इसके सप्लायरों के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करेगा।
14. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी के जैसा कारोबार करने वाली किसी भी अन्य कंपनी की वस्तुओं को बढ़ावा नहीं देगा, और न ही ऐसी अन्य कंपनियों के उत्पाद खरीदने के लिए ग्राहकों को प्रेरित करेगा, इसके अलावा, वह उन्हें अन्य डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों से संपर्क करने के लिए स्पॉन्सर नहीं करेगा।

15. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी या इसके प्रशासकों, कर्मचारियों या डिस्ट्रीब्यूटरों की प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुंचाएगा, और न ही वह किसी भी दस्तावेज़ पर (जाली) हस्ताक्षर करेगा जिससे कि कंपनी के प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप हो।
16. कंपनी अपने परिसर में प्रवेश देने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखती है। कंपनी के परिसर में आने पर, स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर और भावी डिस्ट्रीब्यूटरों के लिए आवश्यक है कि वे परिसर में अपनी मौजूदगी के दौरान हर समय उपयुक्त पहचान दस्तावेज़ धारण करें, और यह भी ध्यातव्य है कि कंपनी परिसर में उनकी मौजूदगी के दौरान किसी भी समय सुरक्षा गार्डों द्वारा उनकी तलाशी ली जा सकती है।
17. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर समझता है कि कंपनी द्वारा सभी डिस्ट्रीब्यूटरों के साथ एक जैसा और समान व्यवहार किया जाएगा, भले ही उनके कारोबार का दायरा, रैंक, आदि कुछ भी क्यों न हो। डिस्ट्रीब्यूटर जिनका कारोबार अन्य की अपेक्षा अधिक है, कंपनी या इसके कर्मचारियों, आदि से किसी भी प्रकार की विशेष सुविधा या व्यवहार किए जाने की मांग नहीं रख सकते।
18. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर अपना रौब गाँठने के लिए कंपनी के प्रशासकों/ निदेशकों/ कर्मचारियों का मित्र/ सहयोगी/ परिचित होने का दावा नहीं करेगा, और इस प्रकार व्यापार की संभावनाओं को प्रभावित करने का दावा नहीं करेगा।
19. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर अनधिकृत रूप से यूनियन नहीं बनाएगा, और न ही कंपनी या अन्य डिस्ट्रीब्यूटरों की मानहानि करेगा, न ही अपने डिस्ट्रीब्यूटरों को प्रभावित करेगा, न ही किसी भी तरीके से सिस्टम की कार्यप्रणाली में हस्तक्षेप करेगा। कोई भी स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी की बाज़ार प्रतिष्ठा को नुकसान नहीं पहुंचाएगा जिससे कि कंपनी को किसी भी तरह की व्यापार हानि हो।
20. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर वचन देता है कि वह गलत ढंग से अलग-अलग या जाली आईडी, पता या उम्र का साक्ष्य प्रदान कर और/या अपनी पहचान छिपाकर या अलग नामों का इस्तेमाल कर, एक से ज्यादा एएसआईडी से कंपनी के साथ व्यवसाय नहीं करेगा, और वह एक साथ दो नेटवर्क संचालित नहीं करेगा।
21. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर 'हितों का टकराव' के संबंध में घोषणा करता है कि उसका कंपनी के किसी भी स्टाफ सदस्य या उसके परिवार/रिश्तेदारों से किसी भी प्रकार का कोई भी "व्यक्तिगत" संपर्क, परिचय या संबंध नहीं है। अगर पहले से कोई संबंध या परिचय मौजूद है तो कंपनी के साथ व्यवसाय आरंभ करने से पहले उसे घोषित करेगा, और तब कंपनी प्रबंधन अपने स्वेच्छा से, ऐसे डिस्ट्रीब्यूटरशिप अनुरोधों को प्राधिकृत करेगा। इन शर्तों का उल्लंघन करने पर डिस्ट्रीब्यूटरशिप स्वतः समाप्त हो जाएगी।
22. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर को कानूनी और नैतिक तरीके से स्वयं के ब्यौरे के साथ कारोबार करने से प्रतिबंधित नहीं करेगा, और वह उन्हें नेटवर्क छोड़ने से भी नहीं रोकेगा, न ही कंपनी छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।
23. यह कि स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार अपनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप समाप्त होने पर, कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर उसकी डिस्ट्रीब्यूटरशिप समाप्त किए जाने के अगले महीने में अपना बोनस प्राप्त करने का हकदार होगा। वह उसके बाद जनरेट हुए किसी भी लेवल का प्रीमियम, बोनस, रॉयल्टी या कमीशन पाने का हकदार नहीं होगा, लेकिन उसे डिस्ट्रीब्यूटरशिप की समाप्ति से पहले अर्जित लाभ यथानुपात दर पर दिए जाएंगे। किसी भी भावी बोनस/ मुनाफ़ा/ रॉयल्टी/

कमीशन को निरस्त माना जाएगा। आगे, कंपनी के किसी विशेष स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर की समाप्ति से अन्य मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटरों के कमीशन लेवल, मुनाफ़ा, रॉयल्टी, आदि नकारात्मक रूप से प्रभावित होते हैं, तो कंपनी की व्यवसाय योजना, नियमों और विनियमों के अनुसार कथित स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर(रों) से ऐसे किसी भी पूर्व में भुगतान की गई अतिरिक्त राशि की वसूली की जाएगी।

24. अगर यह साबित होता है कि कोई स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर यहाँ उल्लिखित नियमों और शर्तों का अनुपालन करने में विफल रहता है, या अगर किसी भी न्यायालय में कंपनी के उक्त डिस्ट्रीब्यूटर के खिलाफ़ कोई ऐसा मुकदमा चल रहा है जो उसे अपना व्यवसाय जारी रखने से रोक सकता हो या जो कंपनी की प्रतिष्ठा या साख को नुकसान पहुंचा सकता हो, तो कंपनी को उस स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर की डिस्ट्रीब्यूटरशिप रद्द/समाप्त करने का अधिकार होगा। इस संबंध में अंतिम निर्णय पूरी तरह से कंपनी के प्रशासन/प्रबंधन पर निर्भर होगा। अगर स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर यहाँ अथवा स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्ट्रैक्ट में उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुपालन में विफल रहता है, तो कंपनी अपने पूर्ण विवेकाधिकार में स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर की डिस्ट्रीब्यूटरशिप को अक्षम कर सकती है, और ऐसी परिस्थितियों में वैसे डिस्ट्रीब्यूटर को कोई भी डिस्ट्रीब्यूटर लाभ, कमीशन, रॉयल्टी, आदि प्रदान नहीं किया जाएगा।

25. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर स्वयं की धनराशि से ही खरीद करेगा, न कि किसी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्था से किसी भी प्रकार ऋण लेकर। आगे, वह किसी भी अन्य नए/ मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटर को किसी व्यक्ति/ बैंक/ वित्तीय संस्था से ऋण लेने के लिए न तो दबाव डालेगा और न ही फुसलाएगा, या आश्वासन देगा कि वह उन्हें कम ब्याज दरों पर ऋण दिला सकता है। स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर यह सुनिश्चित करेगा कि भावी डिस्ट्रीब्यूटरों ने कंपनी से कोई भी खरीद करने से पहले अपने माता-पिता/ अभिभावक/ परिवार की अनुमति ली है।

26. किसी भी कारण से कंपनी के लिए या कंपनी की ओर से किसी भी तीसरे पक्ष के साथ कोई भी नकद लेनदेन नहीं करेगा। स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर ग्राहक को बेचे गये उत्पाद के साथ उपयुक्त इनवॉइस जारी करेगा।

27. कंपनी की लिखित सहमति के बिना, कारोबार और उससे संबंधित लाभ किसी भी तीसरे व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किये जा सकते हैं। 01 फरवरी, 201 9 से स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर्स के लाइसेंस ("एएसआईडी"), स्वयं इंडिपेंडेंट डिस्ट्रीब्यूटर के द्वारा नामांकित व्यक्ति को ही किया जा सकता है और ये हस्तान्तरण समय-समय पर संशोधित कंपनी की 'स्वतंत्र व्यापार मालिक के लाइसेंस हस्तान्तान्तरण नीति' के नियम और शर्तों के अधीन होगा |

**SECTION 3**

1. That the Independent Distributor will not misguide prospective distributors by persuading him / her to purchase bulk products which he /she is not able to sell in stipulated time or purchase lesser stock & increase the purchase gradually. He / she isn't liable to purchase a definite amount.
2. The Independent Distributors shall not mislead any prospective distributors by misrepresenting facts about the Company. He / she will not make any false promises related to making quick and easy money and also not adopt any mischievous means to bring new prospective distributors. Further, the Independent Distributor of the Company fully understands that his / her income is earned in the form of discounts / commissions from the Company and is not his / her regular source of income, neither have they been promised or committed any such thing by the Company, its management, staff, any existing distributors, etc.

nor have they been induced so on behalf of them for making such purchases which would yield them any regular income.

3. The Independent Distributor of the Company fully understands the Cooling Off period available to the Independent Distributor during which the Independent Distributor can terminate his / her contract with the Company.
4. The Independent Distributor fully understands about the Return and Refund Policy available with every purchase being purchased from the Company and undertakes to be abide by the same. Any product returns would be accepted strictly as per the Return and Refund Policy of the Company, provided they are in perfect saleable condition (unused, undamaged, sealed in their original packing) with all tags and labels. The return and refund shall be governed as per the Return and Refund Policy.
5. The Independent Distributor is fully aware about Return to Origin (RTO) Policy of the Company. He / she undertakes to accept the delivery of the products ordered by him / her.
6. The Independent Distributor is aware about the Customer Care number, email ID and have all details about the grievance redressal mechanism of the Company.
7. The Independent Distributor of the Company himself / herself shall be liable for the payment of all taxes / fees, etc. to appropriate Government authorities, payable in connection with or incidental to upon becoming an Independent Distributor of the Company.
8. The Independent Distributors shall not be entitled for any costs incurred on new prospects for training, advertising, social engagements or other such programs. The Independent Distributor of the Company shall not pay to or charge from anyone unofficially in the name of training, promotion in network or for any favour or purpose whatsoever. Distributorship shall be terminated forthwith in case of breach of these terms.
9. These terms and conditions shall be applicable to all the Independent Distributors of the Company and the Company shall be entitled to amend the same without any direct personal notice other than an official notification regarding the said amendments.
10. The Independent Distributors understands that the Company do not promote the cash transaction and strictly adhere to the norms by RBI, and therefore all the payments and refunds are done through NEFT, RTGS, and other electronic transaction methods.
11. The Independent Distributors have read and understood these terms and conditions and ensure that the same will be cascaded to every prospects in clear, crisp, transparent and fair manner in their mother tongue.

**खंड 3**

1. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी निर्धारित समय में भावी डिस्ट्रीब्यूटरों द्वारा बेचने में सक्षम न होने पर भी उन्हें थोक में उत्पाद खरीदने या कम माल खरीदने और धीरे धीरे खरीद बढ़ाने के लिए राजी नहीं करेगा। वह एक निश्चित राशि की खरीद करने के लिए बाध्य नहीं है।
2. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी भावी डिस्ट्रीब्यूटर को कंपनी के बारे में गलत तथ्य बताकर गुमराह नहीं करेगा। वह तेजी और आसानी से धन कमाने से संबंधित कोई भी झूठा वादा नहीं करेगा, न ही नए भावी डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के लिए किसी हानिकारक माध्यम को अपनाएगा। आगे, कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर पूरी तरह से समझता है कि उसकी आय कंपनी से प्राप्त छूट/कमीशन के रूप अर्जित आय है और यह उसकी आय का नियमित स्रोत नहीं है, न ही उसे कंपनी, इसके प्रबंधन, कर्मचारी, किसी भी मौजूदा डिस्ट्रीब्यूटर, आदि द्वारा ऐसी किसी भी चीज के लिए कोई वादा या आश्वासन दिया गया है, और न ही इनकी ओर से ऐसी किसी खरीद के लिए प्रेरित किया गया है जिससे उन्हें (यानी स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर को) किसी भी प्रकार नियमित आय प्राप्त हो।
3. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर पूरी तरह से समझता है कि उसके लिए कूलिंग ऑफ़ पीरियड (उपशमन अवधि) उपलब्ध है जिसके दौरान वह (यानी स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर) कंपनी के साथ अपने कॉन्ट्रैक्ट को समाप्त कर सकता है।

4. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी से क्रय की जाने वाले वाली प्रत्येक खरीद के लिए रिटर्न और रिफ़ंड नीति के बारे में पूरी तरह से समझता है और वह उसका पालन करने का वचन देता है। किसी भी उत्पाद की वापसी खरीद की कंपनी की रिटर्न और रिफ़ंड नीति के अनुसार ही स्वीकृत की जाएगी, बशर्ते कि वे सभी टैग और लेबलों के साथ उपयुक्त ढंग से विक्रय करने योग्य स्थिति में हो (अप्रयुक्त, अक्षतिग्रस्त, अपनी मूल पैकिंग में सीलबंद हों)। सभी वापसी और रिफ़ंड को रिटर्न और रिफ़ंड नीति के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा।
5. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी की रिटर्न-टू-ओरिजिन (आरटीओ) नीति के बारे में पूरी तरह से अवगत है। वह स्वयं द्वारा ऑर्डर किए गए उत्पादों की सुपुर्दगी स्वीकार करने का वचन देता है।
6. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कस्टमर केयर नंबर, ईमेल आईडी से अवगत है और उसके पास कंपनी के शिकायत निवारण तंत्र के बारे में सभी विवरण मौजूद हैं।
7. कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर उपयुक्त सरकारी प्राधिकारियों को उन सभी करों/शुल्कों, आदि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा जो कंपनी का एक स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर बनने के संबंध में देय या आकस्मिक है।
8. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर प्रशिक्षण, विज्ञापन, सामाजिक सहभागिता या ऐसे अन्य कार्यक्रमों के लिए नए भावी डिस्ट्रीब्यूटरों पर खर्च की गई किसी भी राशि को पाने का हकदार नहीं है। कंपनी का स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर प्रशिक्षण, नेटवर्क में पदोन्नति के नाम से या किसी पक्षपात या अन्य किसी भी कारण से अनाधिकारिक रूप से किसी भी व्यक्ति से कोई भी शुल्क वसूल या भुगतान नहीं करेगा। इन शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर डिस्ट्रीब्यूटरशिप तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।
9. ये नियम और शर्तें कंपनी के सभी स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटरों पर लागू होंगी, और कंपनी के पास व्यक्तिगत रूप से कोई भी सीधी सूचना दिए बिना इन्हें संशोधित करने का अधिकार होगा, जिसकी सूचना कंपनी अधिकृत माध्यम से प्रकाशित करेगी।
10. इंडिपेंडेंट डिस्ट्रीब्यूटर्स समझते हैं कि कंपनी नकद लेनदेन को बढ़ावा नहीं देती है और RBI द्वारा मानदंडों का कड़ाई से पालन करती है, और इसलिए सभी भुगतान और रिफंड NEFT, RTGS और अन्य इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन विधियों के माध्यम से किए जाते हैं।
11. स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटरों ने इन नियमों और शर्तों को पढ़ व समझ लिया है, और सुनिश्चित करते हैं कि वे प्रत्येक भावी डिस्ट्रीब्यूटर को उनकी व्यवहारिक भाषा में स्पष्टता के साथ विस्तारपूर्वक, पारदर्शी और यथोचित तरीके से बताएँगे।

**SECTION 4**

I have read and understood the above terms and conditions mentioned in Section 1 to Section 3 and hereby unconditionally and irrevocably confirm the following:

1. I am providing my personal information and interested in enrolling myself as independent Distributor with Company and the Sponsor has agreed to use his/her ASID for the same.
2. I am also aware that the Company is not providing any job to me and also understand that the Company deals in quality products by using direct selling strategy to promote and sale of its products through its Independent Distributors. I also understand that Company never provide any investment opportunity or offer guaranteed income or return.
3. I confirm that I am aware about the business opportunities with the Company where I can purchase the products in multiple tranches as per my own flexibility for self-consumption or resale.

4. I understand that there is no joining, training or renewal fees and I have not paid any sum to anyone including the Company on account of my joining, training, or renewal as an independent Distributor of Company.
5. I am aware that business incentives shall be payable to me on sales of products and not by enrolling new members.
6. Decision to do business with Company is solely vested in me and by joining Company as independent Distributor I have not been forced, misled or coerced to make any purchase of the products.
7. I understand that my appointment as independent Distributor of Company will be on principal to principal basis and I am aware that I am neither employee nor an agent of Company.
8. I have been Provided with and I have undergone free Orientation Program which has provided fair and accurate information on all aspects of Company's direct selling operations, about free joining, its incentives system, policies on Return and Refund, Return to Origin, expected business incentives and related rights and obligations as governed under the policies of Company read with the Rules of Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution, as amended or modified from time to time;
9. I am aware and understand that GPG orders are non - cancelable and non-refundable. I will be able to cancel the GPG orders and get the refund as per **Returns and Refund Policy** of the Company only if I, at my sole discretion, choose to quit the business and discontinue my association with the Company.
10. I further understand that this application and any ensuing Company Distributorship upon acceptance of this application by Company shall be subject to the above Terms and Conditions, my Independent Distributor Contract and other applicable policies of the Company including the constituent documents as amended from time to time.
11. I confirm and undertake to keep my details updated with the Company in case of any subsequent change in future.
12. I understand and agree that my information provided in connection herewith shall be used in accordance with applicable laws in India.
13. I have read and understood the business guidelines and code of ethics of the Company and I shall be abiding by them.
14. I am signing this application under my own free will and the information are true and correct.
15. I agree to sign each page of the Form and Direct Seller's Contract for sending it alongwith self-attested copy of AADHAR, Cancelled Cheque or Bank Passbook, domicile certificate (in case of resident of J&K), to the Company at address mentioned on application form within 10 days from the date of sign-up.
16. I am aware that the Distributorship with the Company shall be subject to receipt of complete Documents and successful verification. The Company reserves the right to reject the application for any reason and to terminate or revoke distributorship for any reasons including but not limited to provision of incomplete, inaccurate, false or misleading information.
17. I hereby grant my consent to the Company for conducting e-KYC for authentication of my documents including AADHAR, VOTER ID and PAN.
18. By signing up, I expressly authorize the Company, which will override my DND registration, to send communications on my mobile.

**खंड 4**

मैंने खंड 1 से खंड 3 में वर्णित उपरोक्त नियमों औए शर्तों को पढ़ और समझ लिया है, और मैं एतदद्वारा बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से निम्नलिखित की पुष्टि करता/करती हूँ:

1. मैं अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान कर रहा/रही हूँ और स्वयं को कंपनी के साथ स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में नामांकित करना चाहता/चाहती हूँ, और स्पॉन्सर ने इसके लिए अपनी एएसआईडी का उपयोग करने की सहमति दे दी है।

2. मैं इस बात से भी अवगत हूँ कि कंपनी मुझे कोई नौकरी प्रदान नहीं करती है, और यह भी समझता/समझती हूँ कि कंपनी अपने स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटरों के माध्यम से अपने उत्पादों के प्रचार और बिक्री के लिए डायरेक्ट सेलिंग कार्यनीति का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का कारोबार करती है। मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि कंपनी कभी भी कोई निवेश अवसर प्रदान नहीं करती, न ही गारंटीशुदा आय या रिटर्न की पेशकश करती है।
3. मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि मैं कंपनी के साथ उन कारोबारी अवसरों के बारे में अवगत हूँ जहां मैं स्वयं के उपयोग या पुनर्बिक्री के लिए अपनी सुविधा के अनुसार एक से अधिक किश्तों में उत्पादों की खरीद कर सकता/सकती हूँ।
4. मैं समझता/समझती हूँ कि जॉइनिंग, प्रशिक्षण या रिन्यूअल के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, और मैंने कंपनी के एक स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में जॉइनिंग, प्रशिक्षण या रिन्यूअल के लिए कंपनी सहित किसी को भी कोई धनराशि का भुगतान नहीं किया है।
5. मैं अवगत हूँ कि मुझे उत्पादों की बिक्री पर बिजनेस इन्सेंटिव का भुगतान किया जाएगा और नए सदस्यों को नामांकित करके नहीं।
6. कंपनी के साथ कारोबार करने का निर्णय पूरी तरह मुझ पर निर्भर है, और कंपनी में स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में जॉइन करने के लिए मुझे किसी भी उत्पाद की खरीद करने के लिए मजबूर, गुमराह या बाध्य नहीं किया गया है।
7. मैं समझता/समझती हूँ कि कंपनी में एक स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में मेरा पंजीकरण (बिना किसी एजेंट या बिचौलिये के) प्रत्यक्ष आधार पर होगा, और मैं अवगत हूँ कि मैं न तो कंपनी का कर्मचारी हूँ, न ही एक एजेंट हूँ।
8. मुझे एक निःशुल्क ओरिएंटेशन कार्यक्रम द्वारा कंपनी के डायरेक्ट सेलिंग संचालन के सभी पहलुओं जैसे कि निःशुल्क जॉइनिंग, इसकी इन्सेंटिव प्रणाली, रिटर्न और रिफ़ंड की नीतियों, रिटर्न-टू-ओरिजिन की नीति, अपेक्षित बिजनेस इन्सेंटिव और समय-समय पर यथासंशोधित या परिवर्तित उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के नियम के साथ पठित कंपनी की नीतियों के तहत नियंत्रित होने वाले संबंधित अधिकारों एवं दायित्वों के बारे में उचित एवं सही जानकारी प्रदान की है;
9. मैं जानता हूं और समझता हूं कि जीपीजी ऑर्डर रद्द नहीं किए जा सकते और वापसी योग्य नहीं हैं। मैं जीपीजी ऑर्डर रद्द करने और कंपनी की **रिटर्न और रिफंड नीति** के अनुसार रिफंड तभी प्राप्त कर पाऊंगा, जब मैं अपने विवेक से व्यवसाय छोड़ने और कंपनी के साथ अपना जुड़ाव खत्म करने का विकल्प चुनूंगा।
10. मैं आगे समझता/समझती हूँ कि यह आवेदन और कंपनी द्वारा इस आवेदन की स्वीकृति पर कोई भी जारी की जाने वाली कंपनी डिस्ट्रीब्यूटरशिप उपरोक्त नियमों और शर्तों, मेरे स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्ट्रैक्ट तथा समय-समय पर यथासंशोधित घटक दस्तावेज़ों सहित कंपनी की अन्य लागू नीतियों के विषयाधीन होगी।
11. मेरे विवरण में भविष्य में, कोई भी बदलाव होने पर कंपनी के साथ अपना विवरण अपडेट करने का वचन देता/देती हूँ।
12. मैं समझता/समझती हूँ और सहमत हूँ कि इसके संबंध में प्रदान की गई मेरी जानकारी का उपयोग भारत में लागू कानूनों के अनुसार किया जाएगा।
13. मैंने व्यवसाय दिशानिर्देशों और कंपनी की आचार संहिता को पढ़ और समझ लिया है और मैं उनका पालन करूंगा/करूंगी।
14. मैं इस आवेदन पर स्वेच्छापूर्वक हस्ताक्षर कर रहा/रही हूँ, और इसमें दी गई जानकारी सत्य और सही है।

15. मैं फ़ॉर्म और डायरेक्ट सेलर्स कॉन्ट्रैक्ट के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करके और इसे आधार, कैंसिल चेक या बैंक पासबुक, निवास प्रमाणपत्र (अगर जम्मू एवं कश्मीर के निवासी हैं) की स्वयं प्रमाणित प्रति के साथ इसे आवेदन फ़ॉर्म में उल्लिखित पते पर कंपनी को साइन-अप की तारीख से 10 दिनों के भीतर भेजने के लिए सहमत हूँ।
16. मैं अवगत हूँ कि कंपनी के साथ डिस्ट्रीब्यूटरशिप, सम्पूर्ण दस्तावेज़ों की प्राप्ति और सफल सत्यापन के अधीन होगी। कंपनी के पास किसी भी कारण से आवेदन को अस्वीकार करने, और अपूर्ण, असत्य, गलत या भ्रामक जानकारी के प्रावधान सहित, किंतु इन तक ही सीमित नहीं, किसी भी कारण से किसी भी डिस्ट्रीब्यूटरशिप को निलंबित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
17. मैं एतदद्वारा कंपनी को आधार. मतदाता पहचान पत्र और पैन सहित मेरे दस्तावेज़ों के प्रमाणीकरण के लिए ई-केवाईसी करने की सहमति देता/देती हूँ।
18. साइन-अप करके, मैं स्पष्ट रूप से कंपनी को मेरे मोबाइल पर संचार भेजने के लिए अधिकृत करता/करती हूँ, जो कि मेरे डीएनडी रजिस्ट्रेशन को ओवरराइड करेगा।

*NOTE: The original English version of these terms and conditions may be translated into other languages. The translated version is a courtesy and office translation only and no rights can be derived from the translated version. In the event of a dispute about the contents or interpretation of these terms and conditions or inconsistency or discrepancy between the English version and any other language version of these Terms & Conditions, the English language version to the extent permitted by law shall apply, prevail and be conclusive.*

*ध्यातव्य: इन नियमों और शर्तों के मूल अंग्रेजी संस्करण का अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। अनुवादित संस्करण केवल सौजन्यतावश और कार्यालय अनुवाद है और अनुवादित संस्करण से कोई अधिकार प्राप्त नहीं किया जा सकता है। इन नियमों और शर्तों की सामग्री या व्याख्या के बारे में कोई विवाद उत्पन्न होने पर या इन नियमों और शर्तों के अंग्रेजी संस्करण और किसी भी अन्य भाषायी संस्करण के बीच असंगतता या विसंगति होने पर, कानून द्वारा अनुमत सीमा तक अंग्रेजी भाषा संस्करण लागू, प्रबल और निर्णायक होगा।*